दिनांक–11.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस और आस्ट्रिया की यात्रा को बताया बेहद सफल।
- छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में 78 दषमलव 71 प्रतिषत हुआ मतदान। 13 जुलाई को होगी मतगणना।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेष में पौधा रोपण का काम जारी।
- विष्व जनसंख्या दिवस पर आज प्रदेष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

अमरनाथ यात्रा

अमर नाथ यात्रा के लिए 4 हजार आठ सौ 85 तीर्थयात्रियों का एक अन्य जत्था पवित्र जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से आज सुबह एक सौ 91 वाहनों के काफिले में रवाना हुआ। इनमें से एक हजार आठ सौ 94 तीर्थयात्री सुबह करीब तीन बजे बालतल और दो हजार नौ सौ 91 तीर्थयात्री सुबह करीब साढे तीन बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए। बालतल और पहलगाम से तीर्थयात्री, पवित्र गुफा के लिए आगे की यात्रा शुरू करेंगे।

भारत जिम्बॉब्वे टी–20

तीसरे टी–20 क्रिकेट मैच में भारत ने कल हरारे में जिम्बाब्वे को 23 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सर्वाधिक 66 और ऋतुराज गायकवाड ने 49 रन बनाये। वॉशिंगटन सुन्दर ने तीन जबकि आवेश खान ने दो और खलील अहमद ने एक विकेट लिया।

पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है।

ऑस्ट्रिया दौरा–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी ऑस्ट्रिया यात्रा को ऐतिहासिक और बहुत उत्पादक बताया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच की मित्रता को सुदृढ बनाया है। वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक रणनीतिक दिशा देने संबंधी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने परस्पर सहयोग को और सशक्त बनाने की नई संभावनाओं की पहचान की है।

प्रधानमंत्री ने नोबेल भौतिकी पुरस्कार विजेता एंटोन ज़िलिंगर से भी मुलाकात की। वियना में भारतीय मूल के लोगों को सम्बोधित करके अपनी यात्रा का समापन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के लोग भारत से बहुत कुछ सीखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री अपनी रूस और आस्ट्रिया की यात्रा समाप्त कर नई दिल्ली रवाना हो गए हैं।

उप चुनाव–अमरवाड़ा

छिन्दवाड़ा जिले की विधानसभा सीट अमरवाड़ा में कल शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। यहां सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कुल 78.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यहाँ 80.00 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं एवं 77.40 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती के लिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ने बताया कि अमरवाड़ा में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। अब यहां शनिवार, 13 जुलाई को मतगणना कराई जायेगी। यहां चुनाव में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमें कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कमलेश शाह और कांग्रेस के धीरेन शाह के बीच मुख्य मुकाबला है।

निरामयम योजना–प्रदेष

प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार एवं संविदा कर्मियों को अब आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। राज्य शासन द्वारा पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अलावा इन लोगों को शामिल किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मो. सुलेमान ने विभागों से पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनानुसार लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

"एक पेड़ माँ के नाम"

प्रदेश में इन दिनों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। शिवपुरी शहर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रमों में संभाग आयुक्त मनोज खत्री शामिल हुए। उन्होंने नवीन तहसील प्रांगण में तथा कब्रिस्तान के पास स्थित वन भूमि में पौधरोपण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में आज केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इंदौर में शामिल होंगे। श्री सिंधिया टीपीएस–5 आईडीए कॉलोनी में वृक्षारोपण करेंगे। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में 51 लाख पौधों को लगाने का कार्य तेजी से जारी है। कल प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महू के समीप भाटखेड़ी में हेमा रेंज परिसर में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर एकत्रित ग्रामीणों ने 25 हजार पौधे लगाए। अभियान अंतर्गत नर्मदापुरम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने रसूलिया स्थित सोना मेमोरियल स्कूल में पौधरोपण किया। गुना में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र गुना में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत कल पौधरोपण किया गया, जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं रोजगार कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। खंडवा में नागचुन नहर स्थित बैकवाटर के समीप भूमि पर महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत हुई और 15 हजार पौधे रोपे गए। खंडवा में 1 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## कैरियर मार्गदर्शन

प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये कैरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिये नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। अभी विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिये यू–रिपोर्ट के माध्यम से लाईव–11 कोर्स का उपयोग प्रदेश के सीएम राइज और पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी उपयोग कर रहे हैं। कैरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य कैरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन ऐसे विद्यालयों में किया जायेगा जिनके परिसर में आंगनवाड़ी संचालित नहीं है। प्रदेश में 4473 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। ऐसे विद्यालयों में नर्सरी, केजी–1 और केजी–2 का संचालन किया जायेगा। इसके लिये जिला शिक्षा अधिकारी को शाला सत्यापन के साथ इनके प्रमाणीकरण के लिये भी कहा गया है।

## विश्व जनसंख्या दिवस

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। इसके तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खण्डवा में अभियान के तहत् परिवार नियोजन के कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बैठक में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण माह 11 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा। जनसंख्या स्थिरीकरण माह में अधिक से अधिक योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के लिए प्रेरित करें एवं उन्हें परिवार नियोजन के अस्थाई साधन उपलब्ध करायें। इसके अलावा आज जिला अस्पतालों में से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विभिन्न कार्यक्रमों में परिवार नियोजन के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## जलजीवन मिशन

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने दिल्ली में मध्यप्रदेश के जलजीवन मिशन की समीक्षा की। बैठक में मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके भी उपस्थित थीं। मंत्री श्रीमती उईके ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा प्रशासनिक अमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकांक्षाओं के अनुरूप हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में कटिबद्ध है। बैठक में सचिव श्री पी. नरहरि ने प्रदेश में जल जीवन मिशन में किए गए कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने जल जीवन मिशन की सफलता की कहानियों पर केन्द्रित पुस्तक का विमोचन भी किया।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उद्घाटन 14 जुलाई को होगा।
- डिंडौरी में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल 12 जुलाई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गाड़ासरई में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- मुरैना–श्योपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए कार्य करें।
- निवाड़ी कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कल संबंधित अधिकारियों के साथ पृथ्वीपुर विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों तथा जनपद पंचायत पृथ्वीपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।
- देश के परम्परागत खेल लाठी में बैतूल जिले की खेल प्रतिभायें राष्ट्रीय ,अंतराष्ट्रीय स्तर परचंम लहरा रही है। जिले के 15 खिलाड़ी सितम्बर माह में भूटान में आयोजित होनें वाली साउथ एशियन ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप  में भारत की टीम से शामिल होगें।

.................................